ब्लॉक सीएमएचओ ने डिप्थीरिया सर्वे के दिए निर्देश

करौली। (नि.स.)शुक्रवार को मंडरायल ब्लॉक की एएनएम, सीएचओ, आशाओं की ली बैठक आयोजित हुई, मंडरयाल ब्लॉक में डिप्थीरिया नियंत्रण कार्यक्रम की ब्लॉक स्तरीय एएनएम, सीएचओ, आशाओं की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान डॉ. महेश मीना बीसीएमओ द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए विशेष रूप से खांसी जुक्कम के मरीजों को तथा स्कूल मे 10बर्ष तक के मरीजों का सर्वे कर आवश्यक दवाई देने के दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने हर पीएचसी,सीएचसी तथा सब सेंटर पर 50घरों का रोजाना सर्वे करने के निर्देश दिए गए उन्होंने हर सब सेंटर पर एक एएनएम और आशा सहयोगिनी की टीम बनाकर सर्वे करना है तथा मॉनेटरिंग के लिए चिकित्सा प्रभारी लगाए गए जो कि रोजाना किए गए सर्वे का निरीक्षण करेगी रिपोर्ट बीसीएमओ को ब्लॉक पर देनी होगी इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ महेश मीना डॉ श्याम लाल मीना डॉ राजवीर चैधरी डॉ वंदना चैधरी ,राजकुमारी सभी कल्लो मीना,सुनीता,अर्पणा,आशा सहयोगिनी मंजू प्रजापत,वनिता शर्मा,कृष्णा माली,एवं रेखा गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

आकांक्षात्मक राष्ट्रीय सम्मेलन में सीताराम गुप्ता ने की शिरकत

भरतपुर (निस)। अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर जयपुर में आयोजित हुये दो दिवसीय आकांक्षात्मक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें राजस्थान से समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने शिरकत कर आंकाक्षी जिलों के विकास में सहकारी समितियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इन्हें सभी विकास कार्यकमों में सहभागी बनाने पर जोर दिया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित थे। जबकि अध्यक्षता केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राम नाथ ठाकुर ने की। विशिष्ठ अतिथि के रुप राज्य के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार मौजूद रहे। सम्मेलन में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के संचालन के अनुभवों के आधार पर बताया कि जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रमों में विभागों का आपसी समन्वय नहीं रहता और विभागीय अधिकारी भी इन कार्यक्रमों में अधिक रुचि नही लेते। जिससे आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रमों के अभिष्ट परिणाम प्राप्त नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कृषि, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य जैसे कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहकारी समितियां गठित कर इन्हें समाहित किया जाये तो इसके आधिक आकर्षक परिणाम प्राप्त हो सकते है। उन्होंने बताया विशेष रूप से कृषि, सिंचाई, वानिकी जैसे कार्यक्रमों को सहकारी संस्थाओं को सुपुर्द करना बेहतर साबित होगा क्योंकि ये संस्थाएं कार्यक्रमों के संचालन व क्रियान्विति अधिक अच्छे ढंग से सम्पादित करेंगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि के लिए मधुमक्खी पालन, मछली पालन, महिलाओं के लिए तुलसी माला निर्माण, गारमेंट मेकिंग जैसे कार्य शुरू कराने का सुझाव देते हुए बताया कि भरतपुर जिले में ये कार्य सफलतापूर्वक संचालित हो रहे है। उन्होंने पांचना बांध का गंभीर नदी के रास्ते बेकार बहकर जाने वाला पानी के सदुपयोग के लिए इसे बाणगंगा नदी में डालने का सुझाव भी दिया। सीताराम गुप्ता ने कहा कि सरकारी संस्थाओं का विकास कार्यक्रमों में समावेश का प्रयोग धौलपुर आकांक्षी जिला कार्यक्रम में सफल रहा। ऐसा ही प्रयोग देश के अन्य राज्यों में किया जाना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम ग्रामीणों की भागीदारी के आधार पर गांवों में आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराकर ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना रहा है।

अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर दो दिवसीय आकांक्षात्मक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित।

अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया

भरतपुर (निस)। सेठ हजारी लाल मंहगाया सेवा संस्थान आनन्दधाम वृद्धाश्रम मथुरा रोड भरतपुर पर गायों का पूजन विधि विधान से तिलक लगाकर आरती कर व गुड व चना की दाल खिलाकर किया गया व अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर अन्नकूमट में 1250 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। जिनमें बैजनाथ गोयल, डॉ. सुशील पाराशर, देवेन्द्र चामड, विनोद गोयल, रविन्द्र गोयल, मनमोहन अभिलाषी, अनुराग गर्ग, जय गोयल, रामस्वरूप गुप्ता, मिथलेश गोयल, महेन्द्र भूषण गुप्ता, सोनू कुशवाह, आशीष गोयल, अर्पित गोयल, आदित्य गोयल आदि मौजूद रहे।

श्री गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व मनाया

भरतपुर (निस)। श्री गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व श्रद्धा व हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव का आगमन पर्व भरतपुर के श्रद्धालुओं द्वारा बडी श्रद्धा के साथ मनाया गया। .यह जानकारी देते हुए श्रीगुरु सिंह सभा के सचिव सरदार चरणजीत सिंह भाटिया द्वारा बताया गया कि गुरूद्वारा पाई बाग भरतपुर में सुबह श्री अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति पश्चात कीर्तन समागम आरंभ हुआ।

उत्कर्ष अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया

करौली(नि.स.)। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जिला स्तरीय समारोह का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट टाउन हॉल में प्रातः 10:00 बजे से किया गया। उन्होने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ करौली विधायक दर्शनसिहं गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा एवं जिला कलक्टर करौली द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में प्रधान,सरपंच,17 विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, विभागीय योजनाओं से लाभान्वित जनजाति समुदाय के लाभार्थी,विद्यालय,कॉलेज के छात्र-छात्राऐं आदि शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जमुई, बिहार से जनजाति गौरव दिवस पर सार्वजनिक समारोह के अभिभाषण का सीधा प्रसारण एवं सम्बन्धित 17 विभागों के 25 इन्टरवेन्शन्स की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एकलव्य मॉडल रेजीडेन्सियल स्कूल रानौली के छात्र-छात्राओं द्वारा जनजाति संस्कृति से सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 271 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। पिरामल फाउण्डेशन एनजीओ द्वारा अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में जनजाति समुदाय के लोगों ने उत्साह पूर्वक भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी,सीएमएचओं डॉ दिनेश चंद मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संगोष्ठी का आयोजन 17 को

करौली (नि.स.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तत्वावधान में प्रथम जिला स्तरीय महिला शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन रविवार 17 नवम्बर को आशा मैरिज गार्डन,गांधी एकेडमी सी. सै. स्कूल झारेडा रोड हिण्डोन सिटी में किया जाएगा । संगठन के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि गोष्ठी का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा जिसमें महिलाओं के शैक्षिणक क्षेत्र में भूमिका व अमूल्य योगदान विषय पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। संगठन की जिला महिला मंत्री सुनीता मीणा व जिला महिला संगठन मंत्री प्रियंका रावत ने बताया कि गोष्ठी में महिला शिक्षकों की सेवा सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं व उनके समाधान तथा शैक्षिक उन्नयन हेतु विद्व जनों की वार्ताओं का आयोजन भी किया जाएगा तथा महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला भी आयोजित की जावेगी।

दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया जाऐग

गंगापुर सिटी । राज्य सरकार के एक साल पूरे होने के मौके पर 15 दिसंबर को 10 हजार से अधिक दिव्यांगों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए दूसरे दिन गुरुवार को भी गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में सहायक उपकरणों के वितरण के लिए आवेदन शिविरों का आयोजन किया गया। इसके अलावा बामनवास, नादौती और टोडाभीम में भी दिव्यांगों को सहायक उपकरणों के वितरण के आवेदनों के लिए शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस संवेदनशील पहल का उद्देश्य है कि प्रदेश के सभी विशेष योग्यजन के जीवन को सरल और सुगम बनाया जाए। इसके लिए गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय पंचायत समिति सभागार में दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 तक दिव्यांगों को सहायक उपकरणों के वितरण के लिए आवेदन शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिवीक्षा और समाज कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शिविर में सुबह से ही दिव्यांग सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए कैंप में आने शुरू हो गए। इस दौरान गंगापुर सिटी में करीब 31 से अधिक दिव्यांगों ने सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह के अलावा चिकित्सा विभाग से डॉ. राधा मोहन मीणा और डॉ. संजय कुमार बैरवा, पंचायत समिति से विकास अधिकारी जौहरीलाल और समाज कल्याण विभाग से नीरज सिंह सहित ईमित्र संचालक दिनेश चंद अग्रवाल, वेद प्रकाश बंसल, गोविन्द प्रसाद गुप्ता एवं शहनाज खान मौजूद रहे।

अब तक मिले 222 आवेदनः- जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गंगापुर सिटी में दिव्यांगों ने ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, एयर रिंग एड, हाथ की छडी और ब्लाइंड किट सहित अन्य दिव्यांग सहायता उपकरणों के लिए आवेदन किए। गंगापुर सिटी में 31, बामनवास में 47, टोडाभीम में 23 और नादौती में 8 दिव्यांग उपकरण के लिए आवेदन प्राप्त हुए। इससे पहले बुधवार को 113 आवेदन प्राप्त हुए थे और अब तक 222 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। शिविरों के दौरान चिकित्सा प्रमाण पत्र के लिए 102, पेंशन सत्यापन के लिए 22 और यूडीआईडी कार्ड के लिए करीब 22 आवेदन प्राप्त हुए।

पांच हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

करौली, (निसं)। जिला स्पेशल टीम करौली ने 6 माह से फरार फायरिंग के आरोपी को पाटौरन गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी पी पांच हजार का इनाम घोषित था।

पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर के द्वारा संगठित अपराधियों, माफियाओं, हार्डकोर अपराधियों, इनामी, सीमावर्ती राज्य के अपराधिक गिरोह की निगरानी तथा गिरफ्तारी हेतु कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई के आदेशों की पालना में जिला पुलिस अधीक्षक करौली बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में धारासिंह उनि. प्रभारी डीएसटी करौली के नेतृत्व में गठित जिला स्पेशल टीम करौली द्वारा 6 माह से फरार फायरिंग के आरोपी गब्बरसिंह पुत्र हंसराम मीना निवासी पाटौरान थाना सदर करौली को पाटौरन गांव से गिरफ्तार किया। ज्ञात रहे की पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा उनि.धारासिंह डी.एस.टी प्रभारी जिला करौली को मुलजिम के मोहनराज के संबंध में आसूचना संकलित करने के निर्देश दिए। जिस पर करीब 6 माह से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी गब्बरसिंह पुत्र हंसराम जाति मीना निवासी पाटौरन थाना सदर करौली के पीछले तीन चार दिन से पाटौरन गांव में होने की आसूचना मिल रही थी। जिस पर डीएसटी प्रभारी धारासिंह उप निरीक्षक मय टीम के रवाना होकर आरोपी के घर पाटौरान पहुँचे जहाँ पर गब्बरसिंह पुत्र हंसराम मीना निवासी पाटौरान थाना सदर करौली को घर पर तलाश किया तो आरोपी पुलिस जाप्ता को देखकर घर से खेतों कि तरफ भागने लगा जिस पर पुलिस टीम के नैमीचंद कानि. न. व रन्नोसिहं कानि. ने आरोपी को काफी पीछा करके से पकड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया हुआ है।

आरोपी गिरफ्तार

करौली, (निसं)। कोतवाली करौली इंचार्ज थाना निरंजन कुमार उ.नि. मय जाप्ता सत्येन्द्र कानि. , विक्रमसिंह कानि. व दिगम्बरसिंह कानि. थाना कोतवाली करौली ने पुलिस जाप्ता पर हमला करने व राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी राजेन्द्र उर्फ गोलू सैनी पुत्र रणजीत निवासी न्यू अनाज मंडी के पास लालसोट थाना लालसोट जिला दौसा को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार गत नौ नबम्बर को थाना कोतवाली करौली पर एक रिपोर्ट सदर थाना प्रभारी चंचल शर्मा ने थाना सदर करौली पुलिस जाप्ता द्वारा दौराने राजकार्य गूलरघटा करौली पर थाना सदर करौली जाप्ते के साथ तफ्तीश के दौरान आरोपियों द्वारा हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई व सरकारी वाहन की पत्थर से लाईट फोड़ दी आदि पर थाना कोतवाली करौली पर मुकदमा दर्ज किया गया।

जागरूकता शिविर का आयोजन

करौली (नि.स.)। करौली जिलें में बाल संरक्षण सप्ताह के दूसरे दिन जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि जिलें में बाल दिवस के अवसर पर बाल संरक्षण सप्ताह का शुभारंभ किया गया जिसके तहत 14. से 20.नबम्बर.2024 तक जिलें में बाल अधिकारों को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्देश्य जिलें में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल शोषण एवं भिक्षावृति की रोकथाम एवं बाल संरक्षण को प्रभावी बनाना है।

जिलें में बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर लगातार जिला प्रशासन एवं बाल अधिकारिता विभाग व बाल कल्याण समिति एवं एक्शनएड -यूनिसेफ करौली द्वारा स्कूलों, पंचायतों आदि में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज इनायती एवं कंचपुरा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों के साथ उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की एवं उन्हें अच्छा स्पर्श, बुरा स्पर्श के साथ पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी गई।

भाजपा मुखर्जी मंडल की बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी शहर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल की संगठन पर्व की बैठक गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय काली की बगीची पर मंडल अध्यक्ष रिषभ बंसल काजलवाला की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि मंडल के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल थे एवं मुख्य वक्ता दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र जाटव रहे। मुख्य अतिथि सतीश बंसल ने बताया कि संगठन में कार्य करने वाला व्यक्ति ही नीचे से शिखर पर पहुंचता है। भारतीय जनता पार्टी ही सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली, संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठ एव समर्पित भाव से कार्य करने वाला कार्यकर्ताओ को सत्ता के शीर्ष पर पहुंचाती है। जबकि अन्य पार्टियों में सत्ता का सुख लेने वाले उनके परिजन होते हैं। धर्मेन्द्र कुमार जाटव ने कहा कि यह संगठन महापर्व का समय है। पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य हम सबको समय बद्ध पूर्ण करना है। हमारी सबसे छोटी इकाई बूथ अध्यक्ष को ताकतवर बनाना है और जो कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों को आत्मसात करते हुए उसे सशक्त बनाने के लिए जितना अधिक समय देगा। वह कार्यकर्ता उतनी ही बुलंदी पर पहुंचेगा। संगठन की शीर्ष नेतृत्व पर आपके कार्य का बायोडाटा उपलब्ध है। मंडल अध्यक्ष रिषभ बंसल काजलवाला ने कहा कि संगठन के बल पर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और अपनी नीतियों के कारण विश्व का मार्गदर्शन कर रही है। बैठक में गोविंद सिंह राजपूत, अनिल गोयल सर्राफ, मुकेश कोरौला, नरेश जाटव पार्षद, मुकेश शर्मा, कपिल मित्तल, सौरभ राजपूत, हरदेव सिंह कैन, गजेंद्र सैनी आदि कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे। अतिथियों का परिचय मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट शिव सिंह लोधी द्वारा कराया गया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री रोहित राजपूत ने किया।

सम्मान किया

भरतपुर (निस)। पूज्य सिन्धी पचांयत समिति द्वारा गुरुनानक देव जन्मोत्सव अनाह गेट स्थित नानक दरबार में धूम धाम के साथ मनाया गया। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र टिलवानी नेबताया कि इस अवसर पर शबद कीर्तन एवं भोग साहिब के पश्चात गुरू का अटूट लगंर बरता गया तथा भजन गायक हेमन्त गोपलानी द्वारा गाए भजनों की रसधार का सारी सगंत ने रसपान किया। तत्पश्चात समाज के 31 मेधावी विद्यार्थियों का पुरुस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कमल मतलानी एवं सचांलन सांस्कृतिक मत्री हेमन्त गोपलानी द्वारा की गई। सम्मानित होने वाले बच्चों में मुख्य रूप से छवि, जानवी, लवीना पमनानी, मोनि का पमनानी, करन खत्री, लव कुमार, योगिता गोपलानी, तनिषा रामचदांनी, गीतांक्षा, अनीष देवनानी रहे।

कुम्हेर तहसील के गांव बावैन में 108 कुण्डीय महायज्ञ आयोजित

कुम्हेर (निस)। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट भरतपुर के मार्ग निर्देशन में कुम्हेर तहसील के बाबैन शक्तिपीठ पर आयोजित 108 कुंडीय महायज्ञ के कार्यक्रमानुसार दूसरे दिन वैदिक और लौकिक विधि से देवपूजन, तत्व वेदी पूजन, सप्त ऋषि पूजन और सर्वतोभद्र पूजन के साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश सहित सभी सनातन देवी देवताओं का पूजन किया गया। 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञशाला के यज्ञ कुण्डों पर दूसरे दिन महायज्ञ में सैकड़ों जोड़ों ने अपनी आहुतियां दी। इस महायज्ञ का, गायत्री प्रज्ञा पीठ बावैन पर 14 से 17 नवम्बर तक आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ के दूसरे दिन सर्वप्रथम गायत्री शक्तिपीठ के आचार्य एवं उपाचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए आचार्य प्रमोद वार्चे टोली नायक एवं अन्य सभी आचार्य बसंती लाल, अरुण कुमार, बृजमोहन, गोपाल आदि पांच सदस्यीय टोली का गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों द्वारा तिलक, अक्षत लगाकर एवं पुष्पमाला अर्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। महायज्ञ में भरतपुर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से महायज्ञ के आचार्य प्रमोद बार्चे टोली नायक एवं इनके साथी अन्य आचार्यों का दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया, साथ ही गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन श्यामसुंदर शर्मा, डॉ गिरीश सारस्वत, डॉ सुशील पाराशर, देवेंद्र चामड़, रविसिंह इन्दोलिया, ताराचंद शर्मा, सुरेश पाराशर, भगवान सिंह, हीरालाल सोनी, साहब सिंह, नरेंद्र जोशी, श्याम सिंह, ज्ञानेंद्र शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद सेठी, सतीश सारस्वत का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भरतपुर से अतिथि के रूप में पधारे हुए ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा एवं समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर सहित विभिन्न अतिथियों द्वारा मंच पर गुरुदेव, माता, गायत्री माता और कलश का पूजन किया। महायज्ञ शाला में शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए आचार्य प्रमोद बार्चे टोली नायक एवं टोली के आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण कर आहुतियां दिलवाई गई। यज्ञाहूती के उपरान्त 108 कुण्डीय यज्ञशाला में महायज्ञ आरती की गई। पूरा गांव बावैन गायत्रीमय दिखाई दे रहा था तथा सभी गाँववासी बहुत ही उत्साहित होकर कार्यों में सहयोग कर रहे थे। बावैन ग्रामवासियों के साथ साथ भरतपुर, कुम्हेर, नदबई, डीग, नगर, कठूमर, खेरली, अलवर, हिण्डौन, करौली, कामां हेलक, हलैना आदि क्षेत्रों के सैकड़ों गायत्री परिजन भी व्यवस्था में लगे हुए थे।



गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा कुम्हेर तहसील के गांव बावैन में आयोजित 108 कुण्डीय महायज्ञ आयोजित हुआ ।

सार-समाचार

शिशु मेले का आयोजन

भरतपुर (निस)। डॉ यशपाल उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर में शुक्रवार को शिशु मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जय गोयल प्रमुख उद्योगपति रहे। जिला समिति के जिला व्यवस्थापक मल्ल सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पूजा अर्चना कर किया गया। विद्यालय समिति के द्वारा अतिथियों का परिचय सम्मान स्वागत डॉ यशपाल उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय समिति के अध्यक्ष हेमराज गोयल ने किया। इस अवसर पर हेमराज गोयल ने विद्यालय के विकास के विकास एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल मेले के आयोजन के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चों को महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय समिति की व्यवस्थापिका जसवीर कौर, सदस्य सत्य प्रकाश गोयनका, रामावतार कोठारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी नेप 2020 में बाल वाटिका की 12 व्यवस्थाओं का प्रदर्शन किया गय। तथा भैया बहनों द्वारा खाने पीने की कई स्टाल लगाई गई तथा मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध करवाए गए। बच्चों ने आकर्शक एवं मनमोहक ढंग से स्टालों को सजा रखा था। जिनमें पानी-पूरी, इडली, पेस्ट्री, पेटीज, बर्गर, ढोकला, अंकुरित मोंठ, आइस्क्रीम, पिज्जा, भेलपूरी आदि थे। सभी स्टॉल्स पर भारी भीड़ थी व बच्चों में अत्यन्त उत्साह व उमंग था। मेले मे विभिन्न प्रकार के झूले लगे हुए थे। जिनका छोटे बच्चों ने जमकर आनन्द उठाया। मेले को देखकर ऐसा कहीं प्रतीत नहीं होता था कि यह मेला छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आयोजित किया गया है। विद्यालय द्वारा आयोजित बाल मेले का आनन्द न केवल बच्चों ने अपितु उनके अभिभावकों ने भी जमकर उठाया। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने ढोल नगाडों के साथ जमकर आनन्द उठाया। आभार प्राचार्या सुनीता शर्मा ने व्यक्त किया।

जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित

डीग (निस)। जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह एवं संवाद कार्यक्रम शुक्रवार को जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार डीग में आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में एक मात्र गांव श्योपुरा का चयन किया गया। अभियान के तहत श्योपुरा का आर्थिक व सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा। बता दें कि 2011 के जनगणना के अनुसार 1105 आबादी वाले श्योपुरा में 543 आदिवासी रहते है। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 17 विभागों के अधिकारी जिनमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभाग एक जुट होकर श्योपुरा गांव में जरूरी संसाधन के संबंध में सैचुरेशन अर्जित करें। उन्होंने कहा कि अभियान में जिले से एक मात्र गांव का चयन हुआ है। जिसके कारण प्रशासन गांव का विकास जल्द से जल्द पूरा करेगी। जिसके लिए कौशल ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों में श्योपुरा के विकास का एजेंडा जोड़ा जाए। उन्होंने सभी को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला स्तरीय समारोह को वर्चुअल सम्बोधित करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ किया गया है।

लगंर प्रसादी का आयोजन

भरतपुर (निस)। सिक्खों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव का 555वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष स्थित श्री गुरू तेगबहादुर साहिब गुरूद्वारे पर भी कीर्तन पाठ का आयोजन किया गया। निशान साहब की सेवा की गई एवं लगंर प्रसादी का भी आयोजन किया गया। हालांकि सब कुछ पिछले वर्षों की तरह किया गया। लेकिन अब इन लोगों के मन में प्रशासन के नोटिस ने चिंता भर दी है। इस गुरूद्वारे को लेकर यहा रह रहे लोगों और प्रशासन के बीच ज्ञापन नोटिस का दौर जारी है। जहां प्रशासन के द्वारा यहां रह रहे लोगों को अपने कमरे खाली कर देने के नोटिस दिए गए हैं। वहीं यहा रह रहे लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर बताया है कि यह गुरूद्वारा करीब 60 वर्षों से बनाया हुआ है। जहां उनके पूर्वज सोमा सिंह द्वारा गुरूग्रंथ साहिब की पूजा व सेवा की जाती रही। उनकी मृत्यु के बाद उनके पुत्र गुरूवचन सिंह के द्वारा इस गुरूद्वारे में गुरूग्रंथ साहिब की सेवा व पूजा की जा रही है। पूर्व में नगर सुधार न्यास, नगर परिषद व वन विभाग द्वारा बेदखल करने की बात कहने पर सोमा सिंह द्वारा न्यायालय में वाद दायर किया था। जिस पर न्यायालय द्वारा 20 मार्च 2002 को गुरूद्वारे के पक्ष में डिक्री का निर्णय किया गया था। तब से गुरूवचन व उसका भाई सेवादारी करते हुए मय परिवार इस परिसर में रह रहे हैं। नगर निगम के द्वारा नोटिस देने पर गुरूवचन द्वारा न्यायालय में वाद दायर किया है जो न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। लेकिन अब प्रशासन के द्वारा जगह खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसे लेकर इन लोगों का कहना है कि सरकार इन्हें गुरूद्वारे और रहने के लिए जगह दे। तभी इस जगह से हटेंगे। इन लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन इनके धर्मस्थान से जबरन इन्हें हटाने का प्रयास करेगा तो प्रशासन को भी विरोध के लिए तैयार रहना होगा।

अवैध शराब सहित चार जने गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 204 पव्वे जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गंगापुर सिटी कोतवाली थाने के अलावा गंगापुर सिटी सदर, बामनवास और नादौती थाने के द्वारा की गई। एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और गंगापुरसिटी पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा, बामनवास के सीताराम मीणा, टोडाभीम के मुरारीलाल मीणा के निर्देशन में कोतवाली थाना, सदर थाना, बामनवास थाना और नादौती थाना द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई। कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक रामराज के द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के 50 पव्वे के साथ धर्मसिंह पुत्र शंकर लाल बैरवा निवासी अंबेडकर नगर गंगापुर सिटी को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया। इसी तरह सदर थानाधिकारी ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक धनराज के द्वारा अशोक पुत्र गिर्राज गुर्जर निवासी छोटी महू थाना कोतवाली गंगापुर सिटी को अवैध शराब के 52 पव्वे सहित दौलतपुर रोड मंदिर के सामने से आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह बामनवास थाने के सहायक उपनिरीक्षक प्रकाशचंद के निर्देशन में टीम ने रिवाली आम सड़क से राजेश पुत्र गिर्राज गुर्जर निवासी रिवाली थाना बामनवास को अवैध देसी शराब के 48 पव्वे के साथ आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह नादौती थाना के द्वारा सहायक उपनिरीक्षक रामावतार द्वारा गश्त के दौरान कैमला से रूपसिंह पुत्र मन्नू बैरवा निवासी कैमला नादौती को 54 पव्वे अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों से देसी शराब के पव्वों को जब्त कर लिया और चारों को गिरफ्तार किया है।

योगेश सिंघ